
# आपदा से निपटने के लिये राज्य सरकार जनता के साथ खड़ी है : खर्रा



पाली जिले के प्रभारी मंत्री झाबरसिंह खर्रा ने पाली में भारी बारिश व अतिवृष्टि के हालात एवं आपदा बचाव कार्यों का जायजा लिया। फोटो-राष्ट्रदूत

**पाली, (नि.सं.)।** पाली जिले के प्रभारी मंत्री झाबरसिंह खर्रा ने पाली में भारी बारिश व अतिवृष्टि के कारण आपदा बचाव कार्यो के सम्बन्ध मे एव परिवर्तित बजट में जिले के लिए की गई घोषणाओं के संबंध में बुधवार को सर्किट हाउस में जिला स्तरीय अधिकारियों की समीक्षा ली और अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिये। प्रभारी मंत्री खर्रा ने बुधवार को सर्किट हाउस में अतिवृष्टि से निपटने के लिये इंतजामों की जानकारी ली। उन्होंने कहा कि सरकार आपदा के समय आमजन के साथ खड़ी है। हम कोई कोर कसर नही रखेगे। यदि कही चूक हुई है तो हम सुधार करेगे साथ ही सम्बन्धित पर कार्रवाई भी की जायेगी।

बैठक में उन्होंने भारी बारिश के कारण हुये जलभराव निकासी, बिजली की स्थिति व चिकित्सा उपायो के बारे में चर्चा कर आवश्यक निर्देश दिये। साथ ही उन्होंने क्षितठास्त सड़को का आकलन प्रस्ताव भिजवाने के लिये कहा, जिससे आपदा राहत कार्यो को प्रारंभ करवाया जा सके। साथ ही अन्य आवश्यक दिशा निर्देश दिये। बैठक में उन्होंने बजट घोषणाओं के बारे में बिजली, सार्वजनिक निर्माण विभाग, चिकित्सा विभाग, पीएचईडी, जल संसाधन आदि सभी विभागों के अधिकारियों से बजट घोषणाओं के संबंध में जानकारी ली और घोषणाओं के संबंध में अब तक की गई कार्रवाई और आगामी कार्य योजना के बारे में विस्तार से चर्चा की। उन्होंने बजट घोषणाओ में भूमि आवंटन, डीपीआर बनानें के बारे में निर्देश दिये। उन्होंने बजट घोषणाओं की कार्ययोजना तैयार कर अपने विभाग से संबंधित बजट घोषणाओं का समायसीमा में क्रियान्वन एवं भूमि आवंटन व अन्य प्रक्रियाओं के बारे में आवश्यक कार्रवाई के लिये कहा। बैठक में मारवाड़ जंक्शन विधायक केसाराम ने भी अपने क्षेत्र के बारे में जानकारी दी और अपनी बात रखी। इस अवसर पर पूर्व विधायक ज्ञानचन्द पारख ने प्रभारी मंत्री से जल्द आपदा राहत कार्यो को प्रारंभ करने के लिये आठाह किया ताकि जहां सड़के आदि क्षतिग्रस्त हुई है उन्हें जल्द ठीक कराया जा सके।

बैठक में जिला प्रभारी सचिव पी सी किशन ने बैठक में सभी अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिये। जिला कलक्टर एलएन मंत्री ने बैठक में प्रशासन द्वारा किये जा रहे कार्यों व प्रयासों के बारे में बताया कि इसके लिये एसडीआरएफ व सिविल डिफेंस की टीम अलग अलग बना दी गयी है व जहां ज्यादा स्थिति वर्नेबल है वहां विशेष निगरानी रखी जा रही है व टीमो को वही रूकने के लिये कहा गया है। उन्होंने बताया कि हम सभी दिन रात इस स्थिति से निपटने व निजात के लिये पूर्णतः प्रयासरत है जिसके लिये हम शत प्रतिशत प्रयास कर रहे है।

बैठक में नगर परिषद सभापति रेखा राकेश भाटी, पूर्व सभापति महेन्द्र बोहरा, पुलिस अधीक्षक चुनाराम जाट, आईएफएस बाला, अतिरिक्त जिला कलक्टर डॉ राजेश गोयल, एडीएम (सीलिंग) भवानीसिंह पंवार, जिला परिषद सीईओ नन्दकिशोर राजौरा, यूआईटी सचिव डॉ.पूजा सक्सेना सहित जिले के सभी विभागों के जिला स्तरीय अधिकारी उपस्थित रहे। बैठक के बाद जिला प्रभारी मंत्री खर्रा ने जनप्रतिनिधियो व अधिकारियो के साथ शहर के आपदा प्रभावित क्षेत्र चादर वाले बालाजी ,पांच मौका पुलिया सहित विभिन्न इलाकों का जायजा लिया व आवश्यक निर्देश दिए एवं समस्यां का जल्द समाधान करने के लिए कहा।

## प्रभारी मंत्री खर्रा ने पुनाडिया में किया पौधारोपण

मुख्यमंत्री वृक्षारोपण महाअभियान हरियालो-राजस्थान एक पेड़ माँ के नाम अभियान के तहत बुधवार को जिला स्तर पर पौधारोपण कार्यक्रम रानी के पुनाडिया में प्रभारी मंत्री झाबर सिंह व अन्य अतिथियो ने माडल चारागाह में पौधारोपण कर अभियान का शुभारंभ किया।

अभियान के तहत जयपुर से मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने हरियाली तीज के अवसर पर राज्य के समस्त जिला/उपखण्ड मुख्यालय एवं ठााम स्तर पर मुख्यमंत्री वृक्षारोपण महाअभियान हरियालो-राजस्थान एक पेड़ माँ के नाम कार्यक्रम का शुभारंभ किया। पाली में आज बुधवार को रानी के पुनाडिया में चारागाह में प्रभारी मंत्री द्वारा अभियान का आगाज हुआ।

कार्यक्रम में प्रभारी मंत्री झाबर सिंह ने कहा कि सरकार की मंशा है कि हमारा पर्यावरण व प्रकृति खुशहाल और हरी भरी रहे जिससे पर्यावरण को जीव जंतुओं और मनुष्यों को भी इसका लाभ प्राप्त होगा सरकार ने इसके लिए 7 करोड़ पौधारोपण करने का लक्ष्य रखा है। उन्होंने कहा कि प्रकृति के प्रति हमारा जो दायित्व है उसे हमें पूरा करना चाहिये और इसका कर्ज उतारना होगा। प्रभारी मंत्री ने कहा कि पौधारोपण करना नेक कार्य है हम सभी को अधिक से अधिक पौधारोपण करना चाहिए और उनका संरक्षण भी करना चाहिये। इस अवसर पर प्रभारी मंत्री ने वाटरशेड संकन पौंड का उद्घाटन किया। कार्यक्रम में जिला प्रमुख व विधायक मारवाड़ केसाराम चौधरी ने भी समारोह को सम्बोधित किया। कार्यक्रम में इससे पहले सभी ने पौधारोपण के महत्व पर प्रकाश डाला। इससे पहले कार्यक्रम के दीप प्रज्जवलन कर कार्यक्रम का विधिवत शुभारंभ किया गया।

इस अवसर पर कार्यक्रम में जिला प्रमुख रश्मि सिंह, प्रभारी सचिव पी सी किशन, संभागीय आयुक्त डॉ प्रतिभा सिंह, डीआईजी ओमप्रकाश, जिला परिषद सीईओ नन्दकिशोर राजौरा, उपखंड अधिकारी रानी व अन्य अधिकारियों ने पौधरोपण किया और कार्यक्रम में स्थानीय जनप्रतिनिधिगण और अधिकारी व बडी संख्या में ग्रामीण बच्चे मौजूद रहे।

# 'डॉ. भाटी राजस्थानी साहित्य-इतिहास के ज्योतिपुंज'




मेहरानगढ़ म्यूजियम ट्रस्ट एवं चौपासनी शिक्षा समिति जोधपुर से संचालित राजस्थानी शोध संस्थान के संस्थापक निदेशक डॉ. नारायणसिंह भाटी की 94 वीं जयंती समारोह पूर्वक मनाई।

**जोधपुर, (का.सं.)।** मेहरानगढ़ म्यूजियम ट्रस्ट एवं चौपासनी शिक्षा समिति, जोधपुर से संचालित राजस्थानी शोध संस्थान, चौपासनी जोधपुर के संस्थापक निदेशक डॉ. नारायणसिंह भाटी की 94वीं जयंती बुधवार को राजस्थानी शोध संस्थान, चौपासनी में समारोह पूर्वक मनाई गई।

सहायक निदेशक डॉ. जितेन्द्रसिंह भाटी ने कहा कि समारोह के मुख्य अतिथि अध्यक्ष, चौपासनी शिक्षा समिति, जोधपुर रावल किशन सिंह ने अपने उद्बोधन में कहा कि राजस्थानी के महान् कवि डॉ. नारायणसिंह भाटी के काव्य से साहित्यकारों को प्रेरणा लेनी चाहिए। डॉ. नारायणसिंह भाटी के साहित्य से समाज को मार्गदर्शन मिलेगा। डॉ. भाटी का साहित्य राष्ट के लिए बहुत उपयोगी है। वे बहुआयामी व्यक्तित्व के धनी थे। उन्होंने कहा कि चौपासनी शिक्षा समिति द्वारा संचालित चौपासनी महाविद्यालय में राजस्थानी विषय खोलने का प्रयास किया जाएगा। इसके साथ ही साथ राजस्थानी शोध संस्थान में संग्रहीत पाण्डुलिपियों के रख-रखाव एवं माइकोफिल्मिंग करने का प्रयास किया जाएगा। राजस्थानी शोध संस्थान के पास ही म्यूजियम बनाना प्रस्तावित है।

समारोह की प्रमुख वक्ता प्रो. (डॉ.) सुशीला शक्तावत, विभागाध्यक्ष इतिहास जयनारायण व्यास वि. वि. जोधपुर ने अपने उद्बोधन में कहा कि डॉ. नारायणसिंह भाटी की राजस्थानी भाषा, साहित्य, संस्कृति एवं इतिहास के प्रति जो साधना रही है वह आज की पीढी के लिए प्रेरणादायी है। डॉ. भाटी को केवल राजस्थानी तक ही सीमित नहीं रख सकते, वे भारत के कवियों में अपना महत्वपूर्ण स्थान रखते हैं। इतना ही नहीं राजस्थानी शब्द कोश का प्रकाशन भी उनकी ही देन है।

समारोह अध्यक्ष सचिव, चौपासनी शिक्षा समिति, जोधपुर डॉ छोटू सिंह बुचेटी ने कहा कि राजस्थानी शोध संस्थान चौपासनी सन् 1955 से प्रगति के पथ पर है।

मेहरानगढ़ म्यूजियम ट्रस्ट एवं चौपासनी शिक्षा समिति के मध्य 2015 में हुए अनुबंध से राजस्थानी शोध संस्थान में महत्वपूर्ण प्रगति हुई है। राष्ट्रीय स्तर की गोष्ठियाँ एवं कार्यशालाओं के माध्यम से इस संस्थान ने अन्तर्राष्ट्रीय स्तर पर अपनी पहचान बनाई है।

पूर्व में संस्थान के सहायक निदेशक डॉ. जितेन्द्रसिंह भाटी ने राजस्थानी शोध संस्थान का प्रगति विवरण प्रस्तुत किया। उन्होंने यहां से प्रकाशित परम्परा शोध पत्रिका एवं अन्य प्रकाशनों के बारे में प्रकाश डालते हुए आगामी कार्य योजना पर प्रकाश डाला।

इस अवसर पर डॉ. आईदानसिंह भाटी द्वारा सम्पादित इतिहास पुरुष डॉ. नारायणसिंह भाटी डॉ. सद्दीक मोहम्मद द्वारा लिखित राजस्थान इतिहास के कालीदास-डॉ. नारायणसिंह भाटी एवं डॉ. जितेन्द्रसिंह भाटी द्वारा सम्पादित सिंघासण बत्तीसी शीर्षक पुस्तकों का अतिथियों ने विमोचन किया गया।

राजस्थानी शोध संस्थान उपसमिति के अध्यक्ष राजेन्द्र सिंह लीलिया ने समारोह में आए साहित्यकारों, इतिहासकारों, विद्वानों, शोधार्थियों आदि को धन्यवाद दिया। मेडता से आए सुरेन्द्र कुमार शर्मा ने डॉ. नारायणसिंह भाटी के व्यक्तित्व एवं कृतित्व पर एक कविता प्रस्तुत की।

## भाजपा बोर्ड के खिलाफ प्रदर्शन किया

**जालोर, (कासं)।** नेता प्रतिपक्ष बसंत सुथार ने बताया कि यहां जालोर में पिछले दस वर्षो से भाजपा के सभापति है, पिछले 35 वर्षो में से 30 वर्ष तक विधानसभा में भाजपा के विधायकों का प्रतिनिधित्व रहा है। उन्होंने कहा कि साथ ही करीब 20 वर्षो से भाजपा के सांसद यहां से जीत रहे है लेकिन जब जालोर की जनता विकास कि बात करती है तो इनके पास केवल ुमले है, क्योंकि विकास के नाम इनके पास बताने के लिए कोई नहीं है हरिदेव जोशी सर्किल पर पिछले 10 वर्षो में 15 बार सडक बन गई है लेकिन बिना गुणवत्ता के ठेकेदार सडक बनता है।

युवा कांग्रेस प्रदेश सचिव लक्ष्मण सिंह सांखला ने बताया कि यदि समय रहते भाजपा के मंत्री ओर सभापति नींद से नहीं जागे ओर शहर के हालात नहीं सुधारे तो जल्द ही नगर परिषद ओर जिला कलेक्ट्रेट का घेराव किया जाएगा, सम्पूर्ण जालोर शहर में गड्डे पडे है लेकिन प्रशाशन भी गहरी नींद में है पिछले दस वर्षो में भाजपा बोर्ड की एक महत्वपूर्ण योजना रही है वो है। लाडला खड्डा योजना जिसके अन्तर्गत इन्होंने सम्पूर्ण शहर को खड्डा में तब्दील कर दिया है ये भाजपा के लोग इन खड्डा को विकास समझ रहे है। सुरेश मेघवाल, लक्ष्मीकांत दवे, बंशीलाल माली, सुरेश सोलंकी, नरेश राणा, सुरेश कलमाडी, अशोक जोगसन, जोगाराम सरगरा, महेंद्र सोनगरा, हीरा चंद भंडारी, सुरेश माली सहित युवा उपस्थित थे।

## बजट घोषणाओं के क्रियान्वयन पर चर्चा की

**जालोर, (कासं)।** जिले के प्रभारी सचिव विश्व मोहन शर्मा ने कहा कि विभागीय अधिकारी अपने-अपने विभाग की बजट घोषणा 2024-25 की क्रियान्विति समयबद्ध तरीके से पूर्ण करना सुनिश्चित करते हुए निर्धारित समयसीमा में कार्य पूर्ण करें। उन्होंने घोषणाओं के संबंध में प्रगति को लेकर बिन्दुवार चर्चा करते हुए आवश्यक निर्देश दिए।

प्रभारी सचिव विश्व मोहन शर्मा बुधवार को सायंकाल कलेक्ट्रेट सभागार में बजट घोषणा वर्ष 2024-25 को लेकर विभिन्न विभागों के अधिकारियों के साथ बैठक कर रहे थे। बैठक में उन्होंने कहा कि बजट घोषणाओं के स्वी.ति कार्यों के लिए नियमानुसार भूमि आवंटन व डीपीआर बनाने सहित विभिन्न कार्यों को समय पर पूर्ण करें।

जिला कलैक्टर पूजा पार्थ ने जिले की विभिन्न विभागों की बजट घोषणा 2024-25 के बारे में विस्तृत जानकारी देते हुए अब तक हुई प्रगति के संबंध में जानकारी दी।

बैठक में प्रभारी सचिव ने राज्य सरकार की फ्लैगशिप योजनाओं का लाभ पात्र व्यक्ति तक पहुंचाने के साथ विद्युत, पेयजल, शिक्षा, स्वास्थ्य एवं सड़क सहित विभिन्न विभागों की भी समीक्षा की।

उन्होंने ई-फाईल की पेंडेंसी एवं संपर्क पोर्टल की समीक्षा कर पोर्टल के प्रकरणों का समयबद्ध एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण करने की बात कही।

इस अवसर पर जिला पुलिस अधीक्षक ज्ञानचन्द्र यादव, अतिरिक्त जिला कलक्टर शिवचरण मीना, जिला परिषद के मुख्य कार्यकारी अधिकारी जवाहर चौधरी, विद्युत विभाग के एसई पी.एस.राठौड़, सार्वजनिक निर्माण विभाग के एसई चतुर्भुज खुड़ीवाल, जन स्वास्थ्य एवं अभियांत्रिकी विभाग के अधिशासी अभियंता श्यामबिहारी बैरवा व सीएमएचओ डॉ. रमाशंकर भारती सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

## मादलपुरा में तीन सौ पौधे बच्चों को दिए

**जालोर, (कासं)।** अमृत महोत्सव वृक्षारोपण अभियान के तहत जस्ट लाइक यू फाउंडेशन के द्वारा प्रेषित कर राजकीय उच्च प्राथमिक विद्यालय मादलपुर में भामाशाह से सहयोग से करीबन तीन सौ पौधे बच्चों को बांटे।

जालोर शहर के निकट मादलपुरा ग्राम के स्कूल प्रांगण में स्कूल स्टाफ व शंकर सिंह रजपुरोहित भागली पर्यावरण प्रेमी जस्ट लाइक यू फाउंडेशन के सचिन लता कुमारी व कोषाध्यक्ष मफतलाल के द्वारा 100 पौधे लगाए। जस्ट लाइक यू फाउंडेशन के सचिव लता कुमारी ने बताया कि जीवन में वृक्ष बहुत ही महत्वपूर्ण है पर्यावरण की रक्षा करना हमारा दायत्व है तथा लोगों को जागरुक कर पेड लगाने के लिए प्रेरित कर रहे हैं।

इस मौके पर स्कूल के प्रधानाचार्य दिनेश कुमार, श्याम सिंह चंपावत, भंवरु खान पङ्गान, भोलाराम, इब्राहिम खान, हितेश कुमार, अफरोज खान, माया शर्मा सहित कई ग्रामवासी उपस्थित थे।

## पौधे लगाए

**पोकरण, (निसं)।** पोकरण विधानसभा क्षेत्र मेखेतोलाई राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय में बुधवार को 'एक पेड मां के नाम' कार्यक्रम आयोजित किया गया। इसमें विद्यार्थियों एवं ग्रामपंचायत स्टाफ की ओर से विभिन्न प्रकार के पौधे लगाए गए।

प्रधानाचार्य विष्णुकुमार छंगाणी ने कहा कि वृक्ष हमारे जीवन का अभिन्न अंग है। यह हमें जीवन में हमेशा कुछ ना कुछ देते ही हैं कभी लेते नहीं। इसलिए हमें वृक्ष लगाने चाहिए और उनकी देखभाल करनी चाहिए ताकि पर्यावरण भी सुरक्षित रहे।सरपंच सुशीला रामरतन विश्नोई ने अमृतादेवी के बलिदान को याद किया।

# लगाए पौधों की देखभाल करना हम सभी की जिम्मेदारी : प्रभारी मंत्री विश्नोई




जालोर में हरियाली तीज पर शीतला माता मंदिर के पास मोसली नाडी स्थल पर सघन वृक्षारोपण के जिला स्तरीय कार्यक्रम में प्रभारी मंत्री के.के. विश्नोई, विधानसभा के मुख्य सचेतक जोगेश्वर गर्ग, आहोर विधायक छगन सिंह राजपुरोहित व प्रभारी सचिव विश्व मोहन शर्मा ने पौधारोपण किया। फोटो-राष्ट्रदूत

**जालोर, (कासं)।** मुख्यमंत्री वृक्षारोपण महाभियान ''हरियालो-राजस्थान'' (एक पेड़ मां के नाम) के तहत बुधवार को हरियाली तीज पर शीतला माता मंदिर के पास मोसली नाडी स्थल पर सघन वृक्षारोपण के लिए जिला स्तरीय कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें जिले के प्रभारी मंत्री के.के.विश्नोई, राजस्थान विधानसभा के मुख्य सचेतक जोगेश्वर गर्ग, आहोर विधायक छगन सिंह राजपुरोहित व प्रभारी सचिव विश्व मोहन शर्मा सम्मिलित हुए।

मुख्यमंत्री वृक्षारोपण महाभियान के तहत मोसली नाड़ी पर आयोजित जिला स्तरीय कार्यक्रम को संबोधित करते हुए जिले की प्रभारी मंत्री के.के.विश्नोई ने कहा कि माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी एवं मुख्यमंत्री श्री भजनलाल शर्मा की प्रेरणा एवं पहल स्वरूप आज प्रदेशभर में 1 करोड़ पौधें लगाए जा रहे हैं, यह हम सभी की जिम्मेदारी हैं कि हम इन पौधों की देखभाल एवं संरक्षण सुनिश्चित करें साथ ही पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूक बने। उन्होंने कहा कि ग्लोबल वार्मिंग के प्रभाव को रोकने का एकमात्र उपाय पर्यावरण संरक्षण एवं वृक्षारोपण ही है।

कार्यक्रम में राजस्थान विधानसभा के मुख्य सचेतक जोगेश्वर गर्ग ने कहा कि जालोर जिले में मुख्यमंत्री वृक्षारोपण महाभियान के तहत 8.5 लाख पौधें लगाए जायेंगे, इनका संरक्षण एवं देखभाल बेहद जरूरी हैं। उन्होनें कहा कि बढ़ती गर्मी एवं ग्लोबल वार्मिंग की रोकथाम के लिए पर्यावरण संरक्षण व वृक्षारोपण ही एकमात्र सुरक्षा विकल्प है। हमारी संस्कृति में पेड़ व प्रकृति की सुरक्षा का भाव निहित है।

कार्यक्रम में आहोर विधायक छगन सिंह राजपुरोहित ने मुख्यमंत्री वृक्षारोपण महाभियान के तहत लगाए गए पौधों की देखभाल सुनिश्चित करने की बात कही। कार्यक्रम में उपस्थित प्रभारी मंत्री, मुख्य सचेतक, प्रभारी सचिव एवं उपस्थित जनप्रतिनिधियों द्वारा पौधारोपण कर प्रकृति संरक्षण का संदेश दिया गया।

आयोजित कार्यक्रम में मुख्यमंत्री वृक्षारोपण महाभियान ''हरियालो-राजस्थान'' (एक पेड़ मां के नाम) के तहत जिला स्तरीय कार्यक्रम में एक साथ 8 हजार पौधें लगाकर उनकी जियो टैगिंग की गई एवं मिशन ''हरियालो राजस्थान'' में सहभागिता के लिए हरियालो एप आमजन को डाउनलोड करवाकर पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूक किया गया। कार्यक्रम में पीएम श्री केन्द्रीय विद्यालय जालोर के कला शिक्षक बाबूलाल मीणा के नेतृत्व में 150 पेन्टिंग की प्रदर्शनी लगाई गई जिसमें पर्यावरण के प्रति जनचेतना एवं वृक्ष की महत्वता एवं उनके संरक्षण का संदेश दिया गया।

इस अवसर पर जिला कलक्टर पूजा पार्थ, जिला पुलिस अधीक्षक ज्ञानचन्द्र यादव, अतिरिक्त जिला कलक्टर शिवचरण मीना, जिला परिषद के मुख्य कार्यकारी अधिकारी जवाहर चौधरी, जिला प्रमुख राजेश राणा, नगर परिषद के सभापति गोविन्द टांक, दीपसिंह धनानी, नगरपालिका आहोर के अध्यक्ष सुजाराम प्रजापत, महन्त मोहनदास महाराज, हरीश राणावत, गजेन्द्र सिसोदिया, डिम्पल सिंह, सुरेश सोलंकी, दिनेश महावर, दिनेश बारोट सहित समस्त जिला स्तरीय अधिकारी एवं कार्मिक उपस्थित रहे। मंच संचालन अनिल शर्मा, निशा कुट्टी व ललित ठाकुर द्वारा किया गया।

प्रभारी मंत्री के.के.विश्नोई व राजस्थान विधानसभा के मुख्य सचेतक जोगेश्वर गर्ग करेंगे शिरकतः- जालोर। जिला प्रशासन एवं वन विभाग के संयुक्त तत्वावधान में मुख्यमंत्री वृक्षारोपण महाभियान (एक पेड़ माँ के नाम) के तहत 75वाँ जिला स्तरीय वन महोत्सव 8 अगस्त, गुरूवार को लव-कुश वाटिका, कालाघाटा जालोर में आयोजित किया जायेगा।

उप वन संरक्षक देवेन्द्र सिंह भाटी ने बताया कि जिला स्तरीय वन महोत्सव के तहत लव-कुश वाटिका, कालाघाटा जालोर में जिले के प्रभारी मंत्री के.के.विश्नोई व राजस्थान विधानसभा के मुख्य सचेतक जोगेश्वर गर्ग, जनप्रतिनिधियों सहित अधिकारियों-कार्मिकों द्वारा पौधारोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया जायेगा।

## मुख्य सचेतक ने वालेरा में किया पौधारोपण

राज्य सरकार के निर्देशानुसार ''हरियालो राजस्थान'' कार्यक्रम के तहत हरियाली तीज पर्व पर सघन वृक्षारोपण कार्यक्रम का ब्लॉक स्तरीय कार्यक्रम का आयोजन ग्राम पंचायत मुख्यालय वालेरा में राजस्थान विधानसभा के मुख्य सचेतक जोगेश्वर गर्ग के विशिष्ट आतिथ्य में सम्पन्न हुआ। मुख्य सचेतक जोगेश्वर गर्ग ने पौधारोपण कर सघन वृक्षारोपण के ब्लॉक स्तरीय कार्यक्रम का शुभारंभ किया। कार्यक्रम में छात्र-छात्राओं सहित ग्रमीणों ने लगभग 1100 पौधों का रोपण किया गया।

कार्यक्रम के दौरान राजस्थान विधानसभा के मुख्य सचेतक जोगेश्वर गर्ग ने छात्र-छात्राओं व आमजन को राज्य के मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा की प्रेरणा से राज्य सरकार द्वारा चलाये जा रहे ''हरियालो राजस्थान'' कार्यक्रम के तहत अधिकाधिक पौधारोपण कर उनके संरक्षण की जिम्मेवारी लेने की अपील की।

इसके उपरांत राजस्थान विधानसभा के मुख्य सचेतक जोगेश्वर गर्ग की उपस्थिति में ग्राम पंचायत ओटवाला में मामाजी की ओरण में ग्रामीणों व छात्र-छात्राओं द्वारा लगभग 1100 पौधे लगाये गये। मुख्य सचेतक ने एमजेएसए 2.0 के अन्तर्गत बानड़ी नाडी खुदाई कार्य व जल पुनर्भरण कार्य का भी उद्घाटन किया।

इस अवसर पर सायला प्रधान ढोमी देवी, पूर्व प्रधान रामप्रकाश चौधरी, दीपसिंह धनानी, नेनमल लखारा, सायला उपखंड अधिकारी ताराचन्द वेंकट, तहसीलदार हीरसिंह, विकास अधिकारी गौरव विश्नोई, सीबीईओ भंवरलाल परमार सहित ब्लॉक स्तरीय अधिकारी-कर्मचारी सहित जनप्रतिनिधि व ग्रामीणजन उपस्थित रहे।

## गृह रक्षा प्रशिक्षण केन्द्र परिसर में पौधारोपण किया

जालोर में गृह रक्षा प्रशिक्षण केन्द्र जालोर द्वारा हरियाली तीज पर ''हरियालो राजस्थान'' (एक पेड़ माँ के नाम) के तहत धवला रोड स्थित कार्यालय परिसर में प्लाटून कमाण्डर मनोहरलाल मीना, कनिष्ठ सहायक सुरेन्द्र मीना व आरक्षी गोविन्द सहित होमगार्ड स्वयंसेवकों द्वारा 40 पौधों का रोपण किया गया।

## पौधारोपण किया

**रेवदर, (निसं)।** पामेरा के श्रीमती गलु बाई रामाजी चौधरी राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय में हरियालो राजस्थान के तहत मुख्यमंत्री सघन पौधारोपण कार्यक्रम में एक पेड माँ के नाम का आयोजन किया। कार्यक्रम पामेरा सरपंच प्रवीणा देवी गर्ग के मुख्य आतिथ्य में हुआ। पंचायत शिक्षक जगदीश धारावत ने बताया की कार्य म की शुरुआत विद्यार्थियों द्वारा गाँव के मुख्य मार्गो से ढोल बाजों के साथ रैली निकाल कर किया गया। रैली में विद्यार्थियों को पेड़ का रूप दिया गया।


**शपथ प्रत्र**

(फर्म मे भागीदार बदलने के लिये )

साझेदारी फर्म मैसर्स के.सी.खसरा नम्बर 2615 जालोर सी ,भीनमाल रोड जालोर। जिसका साझेदारी पंजीयन क्रंमाक RF/JLR/2017/373 ऑफिस दिनांक 20/12/2017 को किया हुआ है जिसके अधिकत भागीदार श्री हरी सिंह छबरलवाल पुत्र भिवानाराम छबरलवाल शपथ प्रत्र प्रस्तुत कर निवेदन करती है कि 1.फर्म के भागीदार श्री राजेश खीचर पुत्र श्री जोगेन्द्र सिंह खीचर निवासी गोकुलपुरा जिला-सीकर दिनांक 01/08/2024 को स्वैच्छा से हटाया जाता है 2. श्रीमती कृष्णा कुमारी पुत्र श्री हरी सिंह निवासी गोकुलपुरा जिला -सीकर 332021 को दिनांक 01/08/2024 से नया भागीदार बनाया जाता है। 3. श्री जितेन्द्र कुमार छबरलवाल पुत्र श्री भिवानाराम छबरवाल ग्राम ठेहठ गोकुलपुरा जिला सीकर-332406 को दिनांक 01/08/2024 से नया भागीदार बनाया जाता है । स्थान जालोर दिनांक -01/08/2024

**शपथ प्रत्र**

(फर्म मे भागीदार बदलने के लिये )

साझेदारी फर्म मैसर्स के. सी.खसरा न.6806/2615जालोर सी ,भीनमाल रोड जालोर। जिसका साझेदारी पंजीयन क्रंमाक RF/JLR/2021/4634 ऑफिस दिनांक 24/12/2021 को किया हुआ है जिसके अधिकत भागीदार श्रीमती सुशीला देवी पत्नी श्री राजेश कुमार शपथ प्रत्र प्रस्तुत कर निवेदन करती है कि 1.फर्म के भागीदार श्रीमती कृष्णा कुमारी पत्नी श्री हरी सिह निवासी ठेहठ जिला- सीकर दिनांक 01/08/2024 को स्वैच्छा से हटाया जाता है 02. श्री राजेश खीचर पुत्र श्री जोगेन्द्र सिह खीचर निवासी गोकुलपुरा जिला -सीकर 332021 को दिनांक 01/08/2024 से नया भागीदार बनाया जाता है स्थान जालोर दिनांक -01/08/2024

**कार्यालय ग्राम पंचायत -सावीधर,पंचायत समिति -जसवंतपुरा जिला -जालोर**

क्रमांक -मनरेगा /लेखा /2024-25/168 दिनांक - 05/08/2024

**ई-निविदा सूचना संख्या 01/2024-25**

पंचायत समिति जसवन्तपुरा के अधीनस्थ ग्राम पंचायत-सावीधर के लिए वितिय वर्ष 2024-25 की शेष अवधि (निविदा प्रभावी होने की तिथि से) के दौरान महात्मा गांधी नरेगा योजना एवं ग्रमीण विकास एवं पचायती राज विभाग की अन्य योजनाओ मे कराये जाने वाले के कार्यो के लिए निर्माण सामग्री एवं उपकरण की आपुर्ति हेतु राजस्थान लोक उपापन पारदर्शिता अधिनियम 2012 एव राजस्थान लोक उपापन पारदर्शिता नियम 2013(आदिनांक संशोधित) के अनुसार राजस्थान पंचायत राज नियम 1996 के तहत वस्तु एवं सेवा कर (GST) अधिनियम 2017 के अन्तर्गत मूल्य कर अधिनियम 2003 के अधीन सक्षम प्राधिकारी व्दारा पंजीकत अनुभवी एवं इच्छुक विनिमाताओ / विक्रेता(ओ) /फर्मो / संवेदको / आपुर्तिकताओ से जो किसी भी राजकीय सस्थान /उपक्रमो से बोली लगाने से विवर्जित / ब्लैक लिस्टेड नही हो,से निधारित प्रपत्र मे ई-प्रोक्युरमेन्ट प्रक्रिया से निविदाए आमत्रित कि जाती है । ई निविदा सम्बधित समस्त विस्तत विवरण कार्यालय नोटिस बोर्ड तथा www.eproc.rajasthan.gov.in एवं www.sppp.rajasthan.gov.in पर अवलोकन की जाकर डाउलोडकर www.eproc.rajasthan.gov.in पर ई - निविदा ऑनलाइन अपलोड की जा सकती है ।

| क्र.स | ग्रम पंचायत का नाम | अनुमानित लागत (लाखों में) | ऑनलाइन निविदा डाउनलोड कर अपलोड करने की दिनांक व समय | डी डी /बीमी व तकनीकी बिड की हाडकॉपी ग्रा.प.स. सावीधर मे जमा कराने की अतिम दिनांक व समय | कार्यालय ग्रम प.सावीधर मे ऑनलाईन निविदा की दिनांक व समय |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | सावीधर | 52.00 लाख | 05-08-2024 को सुबह 10:00AM से 19-08-2024 को सांय 05:00 PM तक | 20-08-2024 को सुबह 10:30AM तक | 20-08-2024 को दोपहर 12:30 PM तक |

(सरपच) ग्रम पंचायत सावीधर प.स. जसवन्तपुरा (जालोर)

NIB No. ZJR2425A0255 UBN-No. ZJR2425GLRC00325

ग्रम विकास अधिकारी ग्रम पंचायत सावीधर प.स. जसवन्तपुरा (जालोर)

**कार्यालय ग्रम पंचायत -राजपुरा,पंचायत समिति -जसवंतपुरा जिला -जालोर**

क्रमांक -मनरेगा /लेखा /2024-25/39 दिनांक-06/08/2024

**ई-निविदा सूचना संख्या 01/2024-25**

पंचायत समिति जसवन्तपुरा के अधीनस्थ ग्रम पंचायत - राजपुरा के लिए वितिय वर्ष 2024-25 की अवधि (निविदा प्रभावी होने की तिथि से ) के दौरान महात्मा गांधी नरेगा योजना मे कराये जाने वाले के कार्यो के लिए निर्माण सामग्री एवं उपकरण की आपुर्ति हेतु राजस्थान लोक उपापन पारदर्शिता अधिनियम 2012 एव राजस्थान लोक उपापन पारदर्शिता नियम 2013(आदिनांक संशोधित ) के अनुसार राजस्थान पंचायत राज नियम 1996 के तहत वस्तु एवं सेवा कर (GST) अधिनियम 2017 के अन्तर्गत मूल्य कर अधिनियम 2003 के अधीन सक्षम प्राधिकारी व्दारा पंजीकत अनुभवी एवं इच्छुक विनिमाता (ओ)/ विक्रेता(ओ) /फर्मो / संवेदको / आपुर्तिकताओ से जो किसी भी राजकीय सस्थान /उपक्रमो से बोली लगाने से विवर्जित / ब्लैक लिस्टेड नही हो,से निधारित प्रपत्र मे ई-प्रोक्युरमेन्ट प्रक्रिया से निविदाए आमत्रित कि जाती है । ई निविदा सम्बधित समस्त विस्तत विवरण कार्यालय नोटिस बोर्ड तथा www.eproc.rajasthan.gov.in एवं www.sppp.rajasthan.gov.in पर अवलोकन की जाकर डाउलोड कर www.eproc.rajasthan.gov.in पर ई - निविदा ऑनलाइन अपलोड की जा सकती है ।

| क्र.स | ग्रम पंचायत का नाम | अनुमानित लागत (लाखों में) | ऑनलाइन निविदा डाउनलोड कर अपलोड करने की दिनांक व समय | डी डी /बीमी व तकनीकी बिड की हाडकॉपी ग्रा.प.स. राजपुरा मे जमा कराने की अतिम दिनांक व समय | कार्यालय ग्रम प.राजपुरा मे ऑनलाईन निविदा की दिनांक व समय |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | राजपुरा | 80.00 | 06-08-2024 को सुबह 9:00AM से 21-08-2024 को सांय 05:00 PM तक | 22-08-2024 को सुबह 10:30AM तक | 02-08-2024 को दोपहर 12:30 PM तक |

(सरपच) ग्रम पंचायत राजपुरा प.स. जसवन्तपुरा (जालोर)

NIB No. ZJR2425A0259 UBN-No. ZJR2425GLOB00329

ग्रम विकास अधिकारी ग्रम पंचायत राजपुरा प.स. जसवन्तपुरा (जालोर)